# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## (केंद्रीय विश्वविद्यालय)
## बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र,
## नई दिल्ली–110016

क्रमांकः एफ.1()/ला.ब.शा.रा.सं.वि/प्रशा./गैर–शै./2023/135 दिनांकः 11.05.2023

## कार्यालयीय आदेश

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस–2023 (National Technology Day-2023) के उपलक्ष्य में आज दिनांक 11.05.2023 को प्रातः 11:00 बजे माननीय प्रधानमंत्री भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार आदि के क्षेत्र में हुई प्रगति को संबोधित करेंगे, जिसके सीधे प्रसारण को देखने की व्यवस्था स्वर्ण जयंती सदन के भूतल हॉल में की गई है। कुलपति महोदय द्वारा उक्त कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व प्रो. नीलम ठगेला, छात्र कल्याण पीठ प्रमुख को सौंपा गया है। अतः समस्त छात्र–छात्राओं से अनुरोध किया जाता है कि वह समयानुसार उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करें। जो छात्र–छात्राएँ इस कार्यक्रम में भाग लेंगे, उन्हें समस्त शैक्षणिक गतिविधियों हेतु उपस्थित माना जाएगा।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार निर्गत किया जा रहा है।

मनजीत सिंह

सहायक कुलसचिव (प्रशासन–।।)

प्रतिलिपि–

1. समस्त पीठप्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. प्रो. नीलम ठगेला, छात्र कल्याण पीठ प्रमुख
3. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर से यह अनुरोध है कि वे उक्त सूचना को लिंक के माध्यम से छात्र–छात्राओं को अवगत करवाने का कष्ट करें।
4. अधिशासी अभियंता/सहायक अभियंता को इस आशय से प्रेषित कि वे स्वर्ण जयंती सदन के भूतल की सफाई, बिजली उपकरण, माईक, कुर्सी आदि की व्यवस्था करवाने हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देने का कष्ट करें।
5. समस्त सूचना पट्ट पर छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ
6. विशेष कार्याधिकारी (कुलपति)
7. निजी सचिव–कुलसचिव/वित्ताधिकारी
8. संबंधित पंजिका

मनजीत सिंह

सहायक कुलसचिव (प्रशासन–।।)